

प्रधान संपादक -दिगवेन्द्र कुमार गुप्ता


# लोक सेवक मिरर

छत्तीसगढ़ > रायपुर > कवर्धा > मुंगेली > दुल्लापुर बाज़ार


**सुविचार**

समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।


Thursday 2nd April 2026 | RNI: RNI : CTHIN/26/A2067 | website: www. Loksevakmirror. com


**Top News** नीलकंठ आश्रम में विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण

# दुल्लापुर बाजार में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य भंडारा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

दुल्लापुर बाजार।

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दुल्लापुर बाजार स्थित नीलकंठ आश्रम में विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंचकर दर्शन किए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

ग्रामवासियों के सहयोग और एकजुटता से आयोजित इस भंडारे ने सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों और उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।





नीलकंठ आश्रम में विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण

समाचार **निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं चलेगा समझौता– कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा**

## सुदूर वनांचल के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर ने कोर कटिंग करवा कर परखी सड़क निर्माण की गुणवत्ता

**कवर्धा** कवर्धा, 2 अप्रैल 2026। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में बोड़ला विकासखंड के ग्राम खडोदखुर्द, दलदली और तरेगांव पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लिया।

ग्राम खडोदखुर्द में मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित सड़क तथा तरेगांव दलदली क्षेत्र में मेन रोड दुर्जनपुर-इंदिरापानी से घाटमुंडा और मेन रोड से धारपथरा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए गए सड़कों की गुणवत्ता जांचने कलेक्टर स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माण स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी अमले से कार्य की प्रगति और गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने सड़क की गुणवत्ता की जांच के लिए मशीन के माध्यम से कोर कटिंग कराई। इसके जरिए सड़क की मोटाई और निर्माण में उपयोग किए गए मटेरियल की मजबूती का परीक्षण किया गया। जांच में सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पाया गया। वही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रहे सड़कों का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित विभाग के



**समय सीमा और गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के दिए सख्त निर्देश**

### कलेक्टर ने बोड़ला के सुदूर वनांचल क्षेत्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने दुर्जनपुर में चेकडैम का किया निरीक्षण
जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम दुर्जनपुर में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित चेकडैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं उपयोगिता का जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि इस चेकडैम के निर्माण से लगभग 15 से 17 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और निस्तारी की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ मिलेगा और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखते हुए संबंधित अधिकारियों को इसके बेहतर रखरखाव और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

## सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति के ऐतिहासिक संकल्प की पूर्ति पर कवर्धा में खेड़ापति हनुमान मंदिर में भव्य हनुमंत भंडारा का हुआ आयोजन

**सुरक्षा बलों के साहस को समर्पित रहा यह आयोजन**



कवर्धा, 02 अप्रैल 2026। सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति के ऐतिहासिक संकल्प की पूर्ति के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिले के सिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान महाराज मंदिर प्रांगण, कवर्धा में श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के साथ हनुमंत भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होकर भगवान श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज के दर्शन-पूजन कर प्रदेश में शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा भंडारा प्रसादी ग्रहण की। भंडारा आयोजन में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा एवं उनके पुत्र श्री अभिनव शर्मा द्वारा स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री धमेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी श्री भूपत सिंह, श्रीमती अंजु कुमारी, श्री कृष्णा चंद्राकर, श्री आशीष शुक्ला तथा कोतवाली थाना प्रभारी श्री योगेश कश्यप सहित अन्य अधिकारियों ने भी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर सहभागिता निभाई एवं प्रसादी ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च 2026 की निर्धारित समय-सीमा तक बस्तर सहित छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद के पूर्णतः समाप्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में स्थापित शांति, सुरक्षा एवं विकास के नए युग का अभिनंदन करते हुए ईश्वर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई।

विदित हो कि विगत चार दशकों से अधिक समय तक छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल, नक्सलवाद की गंभीर चुनौती से जूझता रहा। इस दौरान अनेक निर्दोष नागरिकों एवं सुरक्षा बलों के जवानों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया तथा क्षेत्रीय विकास प्रभावित रहा। कबीरधाम जिला भी इस समस्या से अछूता नहीं रहा। किंतु केंद्र एवं राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प, प्रभावी रणनीति तथा सुरक्षा बलों के साहस, पराक्रम एवं समर्पण के फलस्वरूप आज यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हो सकी है।

### शांति के नए दौर का स्वागत, कवर्धा में श्रद्धालुओं ने भंडारे में निभाई सहभागिता

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए गए सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि संभव हुई है। साथ ही प्रदेश के गृह मंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा की सक्रिय भूमिका भी इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय द्वारा सुरक्षा बलों के वीर जवानों के अदम्य साहस एवं बलिदान को नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में भगवान श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन कर प्रदेश में स्थायी शांति, सुरक्षा, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना रहा। भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई, जिससे सामाजिक एकता, सौहार्द एवं जन-समरसता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

### मुंबई: रियलिटी शो बिग बॉस सेट पर लगी आग

कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद 1 जनवरी को शुरू हुआ था. तब उडुपी में 6 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब कर्नाटक कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद 1 जनवरी को शुरू हुआ था. तब उडुपी में 6 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद

# सर्वाधिक परिवारो को रोजगार, सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार सहित सर्वाधिक दिव्यांगजनों को रोजगार देने के मामले में कबीरधाम प्रदेश में प्रथम स्थान पर



**महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलग-अलग पैरामीटर्स पर जिले ने हासिल की कई उपलब्धियां**

कवर्धा, 02 अप्रैल 2026। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर कई उपलब्धियां हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले ने ग्रामीणों को सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार देने, सर्वाधिक परिवारों को रोजगार, सर्वाधिक दिव्यांग जनों को रोजगार देने सहित अनेको पैरामीटर पर कई उपलब्धियां अपने नाम की। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा लगातार विभागीय समीक्षाओं के दौरान शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने प्रोत्साहित किया जाता रहा है। और आज इसी का परिणाम है कि कबीरधाम जिले ने मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में एक बार फिर अपना नाम प्रथम पंक्ति में स्थापित किया है।

लगातार प्रयास के मिले सुखद नतीजे- कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा

कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए निरंतर समीक्षा की गई। ग्राम पंचायतो की मांग पर बहुत से निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए और कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक बड़ी मात्रा में निर्माण कार्य चल रहे हैं। समय पर मजदूरी भुगतान हो यह सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में ग्रामीणों के लिए पर्याप्त मात्रा में रोजगार उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11 हजार 466 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार मिला है और वे आर्थिक रूप से लाभान्वित हुए है। हमारा सतत प्रयास है कि मनरेगा योजना से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित किया जाए। जल संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन एवं आजीविका जैसे प्रमुख घटकों के क्षेत्र में योजना से पर्याप्त कार्य हो रहे है।

रोजगार के साथ आजीविका को बढ़ाना प्रमुख उद्देश्य- सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल

सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया की ग्रामीणों के मांग पर रोजगार उपलब्ध कराना, समय पर निर्माण कार्य की स्वीकृति एवं सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो इन बातों पर विशेष ध्यान दिया। इसीलिए जिले के सभी क्षेत्रों में ग्रामीणों को पर्याप्त रोजगार मिला और हम प्रदेश में बेहतर कर पाए। आजीविका डबरी, नया तालाब निर्माण, कच्ची नाली निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण जैसे अनेक जल संरक्षण के कार्यो के साथ आजीविका के लिए कुकुट पालन शेड, पशुपालन शेड जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है। मार्च माह के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ हुए नए कार्यों से जिले की उपलब्धि और बढ़ेगी तथा हमारे ग्रामीणों को और अधिक लाभ होना अपेक्षित है।

उल्लेखनीय है महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में रोजगार का अवसर मिलता है। योजना से ग्रामीणों को रोजगार के साथ गांव में विभिन्न परिसंपत्तियों का निर्माण होता है। योजना के क्रियान्वयन में कबीरधाम जिला लगातार कई वर्षों से प्रदेश में अग्रणी बना हुआ है ग्रामीणों को इसका लाभ मिल रहा है।

मनरेगा योजना के पैरामीटर्स जिसमें कबीरधाम ने हासिल की उपलब्धि

1) सर्वाधिक मानव दिवस रोजगार का सृजन- जिले के ग्रामीणों को 58 लाख 54 हजार 40 मानव दिवस का रोजगार मिला। जो प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

2) सर्वाधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार- जिले के 1 लाख 42 हजार 482 ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिला, जो प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

3) सर्वाधिक दिव्यांग जनों को रोजगार- जिले में 2 हजार 538 दिव्यांग जनों को 58 हजार 493 मानव दिवस का रोजगार दिया गया। जो प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

4) ग्रामीण महिलाओं को भी मिला रोजगार का बेहतर अवसर- योजना अंतर्गत 1 लाख 30 हजार 160 महिलाएं पंजीकृत है और इन्हें 29 लाख 33 हजार 959 मानव दिवस का रोजगार मिला है। महिलाओं को रोजगार देने के मामले में कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर है।

5) 124 करोड़ 53 लाख से अधिक का मजदूरी भुगतान- मनरेगा में रोजगार पाने वाले जिले के ग्रामीणों को 124 करोड़ 53 लाख 46 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में जारी किया गया। मजदूरी भुगतान के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। ग्रामीणों को मिला मजदूरी भुगतान से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है

# महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्र खैरबना कला में नेवता भोज का आयोजन

**बर्फ में बदल गया वासुकि ताल, बर्फ में बदल गया वासुकि ताल,**





कवर्धा, 02 अप्रैल 2026। महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल विकास परियोजना बोड़ला अंतर्गत लालपुर सेक्टर के ग्राम खैरबना कला में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में विशेष नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी सेवाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों में पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित करना रहा।

उक्त आयोजन में ग्राम खैरबना कला के चारों आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को एकत्रित कर सामूहिक रूप से पौष्टिक भोजन कराया गया। कार्यक्रम में सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, पर्यवेक्षक, सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा बच्चों के साथ संवाद कर पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्री-स्कूल गतिविधियों की जानकारी ली गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना के अंतर्गत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, परामर्श तथा पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की सेवाएं प्रदान की जाती हैं। शासन का मुख्य उद्देश्य कुपोषण में कमी लाना, बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना है। नेवता भोज कार्यक्रम इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। भोजन वितरण के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन किया गया तथा बच्चों को हाथ धोने, साफ-सफाई और अनुशासन का महत्व भी समझाया गया।

इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समुदाय से अपील की गई कि वे आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़कर बच्चों एवं माताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ उठाएं। विभागीय अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका से ही योजनाओं का प्रभावी संचालन संभव हो पाता है।

कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज के जागरूक नागरिकों की भी सहभागिता रही। समाज के सक्रिय नागरिक एवं पत्रकार श्री भुवन पटेल द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर इस सामाजिक पहल में सहयोग प्रदान किया गया। इस प्रकार व्यक्तिगत अवसर को सामाजिक दायित्व से जोड़ते हुए बच्चों के पोषण और कल्याण को प्राथमिकता दी गई, जो सामुदायिक सहभागिता का सकारात्मक उदाहरण है।

कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से आग्रह किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरंतर निगरानी एवं मार्गदर्शन के माध्यम से जिले में कुपोषण उन्मूलन एवं बाल विकास की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त आयोजन से आंगनवाड़ी सेवाओं के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ी है तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ है